गैर-मुस्लिमो को सही राह पर आमंत्रित करना (3 का भाग 3): परिवार के लोगो, दोस्तों और सहकर्मियों को आमंत्

विवरण: सर्वोत्तम संभव व्यवहार से इस्लाम की सुंदरता के बारे में मित्रों और परिवार के लोगो को बताने के तरीकों पर एक संक्षिप्त नज़र।
द्वारा Aisha Stacey (© 2015 NewMuslims.com)
प्रकाशित हुआ 08 Nov 2022 - अंतिम बार संशोधित 07 Nov 2022
श्रेणी: पाठ >पूजा के कार्य > विभिन्न अनुशंसित कार्य

उद्देश्य:

· यह समझना कि हम संदेश फैलाकर इस्लाम मे आमंत्रित करते हैं लेकिन वास्तव में अल्लाह ही
मार्गदर्शन देता है।

· दृढ़ता और कभी उम्मीद न छोड़ने के महत्व को समझना।

अरबी शब्द:

· दावा - कभी-कभी दावाह भी कहा जाता है। इसका अर्थ है दूसरों को इस्लाम में बुलाना या आमंत्रित
करना।

· सुन्नत - अध्ययन के क्षेत्र के आधार पर सुन्नत शब्द के कई अर्थ हैं, हालांकि आम तौर पर इसका
अर्थ है जो कुछ भी पैगंबर ने कहा, किया या करने को कहा।

· दुआ - याचना, प्रार्थना, अल्लाह से कुछ मांगना।

लोगों को सही रास्ते पर आमंत्रित करने का उद्देश्य संदेश देना है; अगर वे धर्मांतरण नहीं करते हैं तो हम जवाबदेह नहीं होंगे। जैसा कि पहले उल्लेख किया गया है, सिर्फ अल्लाह ही इस्लाम को स्वीकार करने के लिए मार्गदर्शन और इच्छा प्रदान करता है। याद रखें कि जब भी हम संदेश देने का इरादा करते हैं तो हमें इसे ज्ञान, वाक्पटु भाषण और सबसे दयालु तरीके से करना चाहिए। बहस करना और क्रोध वाली चर्चा करना दावा का सर्वोत्तम तरीका नही है।

जिसने इस्लाम अपना लिया है उसे अपने सबसे करीबी और सबसे प्रिय लोगों को संदेश देना चाहिए। एक बार जब कोई व्यक्ति विश्वास की मिठास का स्वाद चख लेता है तो परिवार के सभी सदस्यों और दोस्तों के लिए उसकी इच्छा न करना असंभव हो जाता है। परिवार के सदस्यों को आमंत्रित करना उसकी पहली प्राथमिकता होनी चाहिए लेकिन कभी-कभी यह सबसे कठिन काम हो सकता है। कभी-कभी जब आप अपने परिवार के पहले सदस्य होते हैं जिसने संदेश को समझा तो आप अपने परिवार के अन्य सदस्यों को सदमे की स्थिति में डाल सकते हैं; खासकर यदि वे अपने दैनिक जीवन में किसी भी मुसलमान के साथ नहीं मिलते हैं तो।

आपके परिवार को वास्तविकता को स्वीकार करने के लिए थोड़ा समय चाहिए। सुनिश्चित करें कि आपके पास पढ़ने के लिए आसान छोटी किताबें उपलब्ध हैं। यदि आप घर पर रहते हैं तो आप इन किताबों

गैर-मुस्लिमो को सही राह पर आमंत्रित करना (3 का भाग... 1 of 3 www.NewMuslims.com

को वहां रख सकते हैं, यदि ऐसा नही कर सकते तो, अपने बैग या कार मे रखें। लोग अक्सर कुछ न कुछ जानना चाहेंगे और कभी-कभी आप उन सभी सवालों के जवाब नहीं दे सकते हैं। आप अक्सर खुद ही सीख रहे होते हैं इसलिए उत्तर देने मे जल्दबाजी न करें। शायद आप इसे एक साथ पढ़ सकते हैं, अल्लाह की एकता को ध्यान मे रखते हुए कि जो कुछ भी मौजूद है उसका निर्माता अल्लाह ही है।

आपका परिवार और करीबी दोस्त आपको करीब से देख रहे होंगे और यह वह समय है जब आपका व्यवहार एक बड़ी भूमिका निभाएगा। आपने शायद शराब, पार्टियां, विपरीत लिंग के साथ बिना बात के मिलना जुलना, सूअर का मांस और सूअर के मांस के उत्पादों जैसी बहुत सी बड़ी चीजें छोड़ दी होगी। हालांकि, आपने बहुत सी छोटी चीजें भी जोड़ी होंगी; अधिक दयालु कार्य करना, उदारता, सहायता करने की उत्सुकता, अधिक दयालु शिष्टाचार और मजबूत अटूट पारिवारिक संबंध स्थापित करने की इच्छा। दया दिखाना और उच्च नैतिक मानकों का पालन करना संभवतः किसी को इस्लाम से परिचित कराने का सबसे अच्छा तरीका है। अच्छा व्यवहार और शिष्ट व्यवहार भी दावा का एक बहुत अच्छा रूप है । इस्लाम कैसा है, इसके लिए आप एक आदर्श हैं।

पैगंबर मुहम्मद के व्यवहार ने दूसरों को इस्लाम की ओर आकर्षित किया था। उनकी प्यारी पत्नी आयशा ने उनके चरित्र को क़ुरआन की जीवंत मिसाल बताया।[1] वह हर किसी के प्रति दयालु और विनम्र थे और यहां तक कि उनके दुश्मन भी उनके अच्छे चरित्र की प्रशंसा करते थे। यह वह व्यवहार है जिसका हमें अनुकरण करने का प्रयास करना चाहिए और जिन लोगों को सबसे अधिक लाभ होगा वे हैं हमारे परिवार के सदस्य और करीबी दोस्त। एक दयालु शब्द, एक मुस्कान, एक उपहार, या किसी भी प्रकार की मदद इस्लाम की सुंदरता को प्रदर्शित करेगी।

विशेष रूप से सावधान रहें कि जब आप अपने परिवार या दोस्तों को ऐसे व्यवहार में लिप्त देखें, जिसे आप अब कदाचार मानते हैं, तो निराश न हों। उनके तरीकों के कारण उन्हें मत छोड़ो। यदि वे शराब पी रहे हैं या गैर-इस्लामिक तरीके से काम कर रहे हैं आप उनकी संगती छोड़ सकते हैं - जगह, या स्थिति को छोड़ दें, व्यक्ति को नहीं। उन्हें अपने घर और अपने कार्यक्रमों में आमंत्रित करें ताकि वे देख सकें कि शराब या अरुचिकर मनोरंजन के बिना मज़ा और खुशी मिल सकती है।

आपके कार्यस्थल पर बातचीत भी इस्लाम के संदेश को फैलाने का एक तरीका है। पर्चे बांटने से शायद आपका कोई दोस्त नहीं बनेगा या आप लोगों को प्रभावित नहीं कर पाएंगे, लेकिन आपके तौर-तरीके और लोगों के साथ व्यवहार करने के तरीके से लोग प्रभावित होंगे। हालांकि याद रखें कि आपके सहकर्मियों को भी आपके परिवार की तरह ही झटका लगने की संभावना है। यदि आप हाल ही में इस्लाम में परिवर्तित हुए हैं तो धूमधाम और बधाई की अपेक्षा न करें बल्कि जिज्ञासा की अपेक्षा करें। उन चीजों के अयोग्य उत्तर न दें जिनके बारे में आप नहीं जानते हैं। एक चीज जिसके बारे में आप निश्चित हैं, वह है अल्लाह की एकता और सिर्फ उसकी पूजा करने का अधिकार।

उम्मीद कभी नहीं छोड़नी चाहिए। आप जिन लोगो से प्रेम करते हैं शायद उन्हें इस्लाम मे परिवर्तित नही करा सकते और यह एक बड़ी निराशा का स्रोत हो सकता है। हालांकि यह याद रखना बुद्धिमानी है कि सिर्फ अल्लाह ही व्यक्ति को सही रास्ते पर ले जाता है। इस प्रक्रिया में आपकी भूमिका इतनी ही कम हो सकती है जितनी कि एक अंधकारमय दिन में एक दोस्ताना चेहरा। आशा एक ऐसी चीज है जो मुसलमानों के पास बहुत ज्यादा होती है, इसलिए अपने और अपने आसपास के लोगों के लिए छोटे-छोटे प्रयास और ढेर सारी दुआएं करें।

संदेश फैलाना और लोगों को सही रास्ते पर बुलाना वह काम है जो अल्लाह के सभी दूतों ने किया था। प्रत्येक ने अपने समुदाय के लोगों को एक ईश्वर, अल्लाह के पास बुलाया। हालांकि पैगंबर मुहम्मद को सभी मानवजाति के लिए भेजा गया था; उन्होंने विश्वासिओं को परलोक में बहुत बड़ा प्रतिफल मिलने की ख़ुशख़बरी सुनाई, और अविश्वासिओं को कड़ी सज़ा के ख़िलाफ़ चेतावनी दी। पैगंबर मुहम्मद ने उन सभी से अपेक्षा की जो उनके नक्शेकदम पर चलते हैं और दूसरों को सही रास्ते पर बुलाते हैं। उन्होंने कहा, "यदि

गैर-मुस्लिमो को सही राह पर आमंत्रित करना (3 का भाग... 2 of 3 www.NewMuslims.com

अल्लाह आपके माध्यम से किसी एक व्यक्ति का मार्गदर्शन करता है, तो यह आपके लिए लाल ऊंट रखने से बेहतर होगा।[2]"

"तुम्हारे लिए अल्लाह के दूत में उत्तम आदर्श है, उसके लिए, जो आशा रखता हो
अल्लाह और अन्तिम दिन (प्रलय) की तथा याद करो अल्लाह को अत्यधिक।" (क़ुरआन
33:21)

निष्कर्ष से हमें पता चलता है कि अगर हम पैगंबर मुहम्मद की क़ुरआन और सुन्नत का पालन करते हैं तो हम इस्लाम को सबसे अच्छे तरीके से पेश करेंगे और दूसरों को सही रास्ते पर आमंत्रित करने का इससे बेहतर तरीका नहीं है।

फुटनोट:

[1] सहीह मुस्लिम

[2] उस समय अरबों के लिए लाल ऊंट सबसे कीमती था।

इस लेख का वेब पता:
http://www.newmuslims.com/hi/lessons/274

कॉपीराइट © 2011-2022 NewMuslims.com. सर्वाधिकार सुरक्षित।

ajsultan

गैर-मुस्लिमो को सही राह पर आमंत्रित करना (3 का भाग... 3 of 3 www.NewMuslims.com